समाचार

# बुधवारी बाजार में गदंगी फैलाने वाले सब्जी व्यवसायियों पर लगा 13 हजार रू. का अर्थदण्ड

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय द्वारा विगत दिनों बाजार का भ्रमण कर गदंगी न फैलाने की दी गई थी हिदायत, फिर भी आदत में सुधार नहीं किया, एक्शन टीम ने की कार्यवाही)**




कोरबा 10 जुलाई 2025 – शहर के बुधवारी सब्जी फल बाजार में गदंगी फैलाने, दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में न रखने पर आज निगम की एक्शन टीम ने कार्यवाही करते हुए संबंधित सब्जी फल व्यवसायियों पर 13000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया, टीम ने संबंधितों को कड़ी हिदायत दी कि दुकानों में डस्टबिन रखें, दुकान से उत्सर्जित कचरा डस्टबिन में डालें, बाजार में गदंगी न फैलाएं, अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय प्रतिदिन शहर का भ्रमण कर जनसमस्याओं का जायजा लेने व उनका निराकरण करने के साथ–साथ शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखकर शहर को साफ–सुथरा रखने, सफाई व्यवस्था में आमूल–चूल बदलाव लाने व सफाई के प्रति लोगों की आदतों में सुधार लाने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं, किन्तु बार–बार समझाईश दिए जाने के बावजूद कतिपय लोगों द्वारा सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में गदंगी फेकी जा रही है, इससे एक ओर जहॉ

निगम के भरसक प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है, वहीं शहर को साफ –सुथरा रखने के आयुक्त श्री पाण्डेय की कोशिशों में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। अभी कुछ दिन पहले अपने नियमित शहर भ्रमण की कड़ी में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ बुधवारी सब्जी बाजार का सघन रूप से निरीक्षण किया था, उन्होने वहॉ पर व्यवसाय संचालन करने वाले थोक व फुटकर सब्जी विक्रेताओं को समझाईश दी थी कि वे बाजार को स्वच्छ, साफ रखें, अपने प्रतिष्ठानों दुकानों में बड़ी साईज के डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें, उत्सर्जित कचरे को इन्हीं डस्टबिन में संग्रहित करें, बाजार में गंदगी न फैलाएं, किन्तु इसके बावजूद कतिपय सब्जी फल व्यवसायियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है तथा उनके द्वारा कचरे को बिखेरा जा रहा है, गंदगी फैलाई जा रही है। आज निगम की एक्शन टीम ने कार्यवाही करते हुए 19 विक्रेताओं पर 13000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया।

**इन पर लगाया गया अर्थदण्ड** – एक्शन टीम ने गंदगी फैलाने वाले जिन व्यवसायियों पर अर्थदण्ड लगाया, उनमें उमेश गुप्ता फल दुकान, रवि कृपलानी, बीरबल टमाटर वाला, सर्वमंगला फ्रुट, संतोष कुमार, जेठालाल एण्ड सन्स, प्रिंस सब्जी दुकान, देवेन्द्र कुमार लहरे, रमेश कुमार साहू, दीपक कुमार, शिव आलू दुकान, कर्मवीर, विक्की सोनी फल दुकान, महेश केशरवानी, सुमन्त मिश्रा भुट्टा ठेला, पूनम महेश केशरवानी, प्रदीप कुमार, मोनू निषाद, दया शुक्ला आदि फुटकर व थोक व्यवसायी शामिल है।